# राजकीय महाविद्यालय, हांसी

वार्षिक पुरस्कार–वितरण समारोह

(08 फरवरी, 2020)

के अवसर पर

प्राचार्या

## श्रीमती सविता मान, एच.ई.एस.– I

द्वारा प्रस्तुत

वार्षिक–प्रतिवेदन

2019–2020

## मुख्य अतिथि :–

श्री विनोद भ्याना
माननीय विधायक, हांसी

# वार्षिक प्रतिवेदन

माननीय मुख्य अतिथि महोदय श्री विनोद भ्याना जी माननीय विधायक, हांसी प्रबुद्ध पत्रकार बन्धु, सहयोगी प्राध्यापक वृन्द, कर्मचारी वर्ग एवं प्रिय विद्यार्थियों, राजकीय महाविद्यालय, हांसी के इस 51वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह की पावन वेला में आपका सादर अभिनन्दन एवं स्वागत है ।

आज हमारे मध्य श्री विनोद भ्याना जी को पाकर हम गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। महोद्‌य ! आप जैसे प्रतिभावान व्यक्तित्व से सभी परिचित हैं तथापि मैं उपस्थित जनसमुदाय से आपका परिचय करवाना अपना कर्त्तव्य समझती हूँ । श्री विनोद भ्याना जी का जन्म 02 अक्तुबर, 1957 को गांव लौहारी राघो तहसील नारनौंद जिला हिसार में मध्यमवर्गीय किसान परिवार में हुआ । आपके परिवार में आपकी धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता भ्याना, दो पुत्र श्री अंशुल भ्याना तथा साहिल भ्याना तथा एक पुत्री सुप्रिया नागपाल सहित भरा–पूरा परिवार है। आपने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा गांव से ही प्राप्त की। आपने बी0ए0 की उपाधि राजकीय महाविद्यालय, हांसी से ही प्राप्त की। समाज सेवा के संस्कार आपको विरासत में मिले है। इनके पिता स्वर्गीय महेश चंद्र भ्याना जी लगातार 20 वर्षो से गांव के सरपंच रहे। भ्याना जी का मानना है कि समाज सेवा के लिए राजनीतिक रूप से सक्षम होना अनिवार्य है। इसलिए इन्होंने अपने पिताजी से प्रेरित होकर गांव की राजनीति में कदम रखा और 10 वर्षो तक गांव के सरपंच रहे। सन् 2009 में पहली बार हांसी विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए और तत्कालीन सरकार के मुख्य संसदीय सचिव बनकर हल्के तथा प्रदेश की सेवा की, इसी का परिणाम रहा कि हांसी विधानसभा की जनता ने 2019 में इन्हें दोबारा अपना विधायक चुना । राजनीति के साथ–साथ इनकी खेल–कूद में भी विशेष रूचि है। अच्छी पुस्तके पढ़ना और जन–सामान्य की सेवा करना इनके मुख्य शौक है। आपका स्नेहपूर्ण स्वभाव एवं मधुर व्यवहार सबको सहजता से अपनी ओर आकर्षित करता है ।

महोदय ! शिक्षा के प्रति आपकी रूचि एवं जनसामान्य से स्नेह के कारण आपने हमारे निमन्त्रण को स्वीकार कर हमारे मध्य उपस्थित होकर हमें कृतार्थ किया । मैं अपने और महाविद्यालय परिवार की ओर से पुनः आपका अभिनन्दन करती हूँ ।

**<u>महाविद्यालय परिचय :–</u>**

राजकीय महाविद्यालय, हांसी की स्थापना वर्ष 1968 में एजुकेशन सोसायटी हॉसी द्वारा की गई । 15 फरवरी 1980 को हरियाणा सरकार ने इसका अधिग्रहण कर लिया, 1 सितम्बर 1988 से वर्तमान भवन में कक्षाओं का शुभारंभ हुआ । महाविद्यालय में प्रयोगशालाओं सहित कुल 73 कमरें हैं तथा एक बहुउद्देशीय हाल है। महाविद्यालय में 11 स्मार्ट क्लास रूम है जिनमें e-content के माध्यम से पढाया जाता है ।महाविद्यालय में एम0.कॉम, बी0.ए0., बी0.कॉम, बी0.सी0.ए0., बी0.एस0.सी0., पी0जी0डी0सी0ए0 एंव P.G Diploma in Yoga and Mental Health के पाठ्यक्रम हैं जिनमें विद्यार्थियों की कुल संख्या **<u>1984</u>** है। आज महाविद्यालय में प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं के 47 पद स्वीकृत है जिसमें 35 नियमित प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं व 27 एक्सटैंशन लैक्चरर कार्यरत है तथा 15 अन्य रेगुलर व 16 अनुबंध आधार पर कर्मचारी कार्यरत हैं ।

जारी...2...

**शैक्षणिक उपलब्धियाँ–**

महाविद्यालय की एम0कॉम0 की छात्रा ऐश्वर्या ने एम0कॉम0 अंतिम वर्ष में 74 प्रतिशत अंक तथा बी0एससी0 अंतिम वर्ष की छात्रा शिल्पा ने 82 प्रतिशत अंक लेकर महाविद्यालय का गौरव बढाया । महाविद्यालय के बी0ए0 तृतीय सामिसत्र के 2 विद्यार्थियों ने संस्कृत विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त करके महाविद्यालय का गौरव बढाया ।

महाविद्यालय का पास प्रतिशत विश्वविद्यालय के पास प्रतिशत से अधिक रहा इसके लिए महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी बधाई के पात्र है ।

**सांस्कृतिक गतिविधियाँ :–**

सत्र 2019–20 में वर्ष भर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करवाया गया ।

सत्र के आरम्भ में महाविद्यालय में प्रतिभा–खोज प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 20 व 21 सितम्बर, 2019 को किया गया। जिसमें भाषण, कविता पाठ, नृत्य, गायन वादन व पेंटिंग–रंगोली जैसी विधाओं का आयोजन करवाया गया ।

राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह का आयोजन दिनांक 02 से 05 नवम्बर, 2019 को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र में हुआ, जिसमें महाविद्यालय की सांग, रागनी, समूह नृत्य, एकल नृत्य आदि टीमों ने भाग लिया, जिसमें महाविद्यालय के छात्रों ने मोनो एक्टिंग में प्रथम, Tit–Bit में द्वितीय तथा रागनी में तृतीय स्थान प्राप्त किया व अन्य टीमों का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा ।

विश्वविद्यालय युवा समारोह का आयोजन दिनांक 07 से 09 नवम्बर, 2019 को गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार में आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय की सांग की टीम ने प्रथम, रागनी व सामान्यज्ञान प्रश्नोत्तरी टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

उच्चत्तर शिक्षा विभाग द्वारा भेजी गई राशि रू0 30000/– से 'उमंग' प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय में दिनांक 06 व 07 फरवरी, 2020 को करवाया गया जिसमें गायन, नृत्य, चुटकुले, मोनो एक्टिंग, संस्कृत श्लोकोच्चारण आदि प्रतियोगिताएं करवाई गई जिसमें अनेकों विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके लिए सांस्कृतिक गतिविधि प्रभारी श्री धर्मवीर बधाई के पात्र है ।

**खेल–कूद गतिविधियां :–**

गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी खेल–कूद गतिविधियों में महाविद्यालय का प्रदर्शन शानदार रहा है ।

1. दिनांक 27, 28 जुलाई, 2019 को 4th EMAS अर्न्तराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता जोकि जयपुर, राजस्थान में आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय की कराटे की खिलाड़ी दीपशिखा ने भाग लिया व स्वर्ण पदक प्राप्त कर देश व महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अलावा कुमारी दीपशिखा व पवन बी0ए0 द्वितीय वर्ष दोनों ने राष्ट्रीय स्तर पर Karate Independence Tournament में हिस्सा लिया व अपने–अपने भारवर्ग में कॉस्य पदक हासिल किया।

जारी...3...

2. हाल ही में सम्पन्न हुई **25th Euro Aisa International Open Karate Champion** महाविद्यालय में दो छात्रों ने भाग लिया जिसमें पवन बी0ए0 ने द्वितीय स्थान व दीपशिखा बी0ए0 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
3. महाविद्यालय के पिस्टल शुटिंग के खिलाड़ी मोहित बी0ए0 प्रथम वर्ष, क्रिकेट खिलाड़ी प्रद्युमन बी0ए0 प्रथम वर्ष, कराटे खिलाड़ियों सोनू, सुमिता, पवन, कपिल, दीपशिखा ने **All India Inter University** में अपने–अपने खेलों में शानदार प्रदर्शन करके विश्वविद्यालय में महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।
4. दिनांक 17 सितम्बर, 2019 को गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार में अन्तः महाविद्यालय क्रॉसकन्ट्री महिला व पुरूष वर्ग का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की महिला टीम ने द्वितीय व पुरूष वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
5. दिनांक 23 व 24 अक्तुबर को राजकीय महाविद्यालय, हांसी में अन्तः महाविद्यालय शतरंज महिला व पुरूष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । महाविद्यालय की महिला वर्ग में हमने प्रथम स्थान प्राप्त किया और इसके साथ महाविद्यालय के खिलाड़ी कुलदीप व सिमरन का नोर्थ जोन इन्टरयुनिवर्सिटी में चयन किया गया ।
6. दिनांक 23 व 24 अक्तुबर को राजकीय महाविद्यालय, हिसार में अन्तः महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें हमारे खिलाड़ी रवि, बी0ए0 प्रथम वर्ष ने भाग लिया व रजत पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।
7. दिनांक 03 अक्तुबर, 2019 को गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार में आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में महाविद्यालय विद्यार्थी मोहित बी0ए0 प्रथम वर्ष ने स्वर्ण पदक हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया ।
8. दिनांक 23.11.2019 को राजकीय महाविद्यालय, हिसार में अयोजित अन्तः महाविद्यालय महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अंजु बी0ए0 प्रथम वर्ष ने स्वर्ण पदक हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।
9. उपरोक्त उपलब्धियों के अलावा महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने अन्तः महाविद्यालय **Hand Ball, Kabaddi, Valley Ball** और **Cricket** प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया व अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है ।

इसके अतिरिक्त दिनांक 8 से 10 सितम्बर, 2019 को उच्चतर शिक्षा विभाग, द्वारा महाविद्यालय को Inter State Yoga Men & Women Tournament करवाने की जिम्मेदारी सोपी गई थी। जिसमें पूरे राज्य से 55 टीमों ने भाग लिया व महाविद्यालय परिवार ने बड़ी सफलता पूर्वक इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया । इसके अलावा इस वर्ष हम अन्तः महाविद्यालय शतरंज महिला व पुरूष प्रतियोगिता का भी आयोजन कर चुके है। महाविद्यालय में 40 वें वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता का भी सफल आयोजन किया जा चुका है ।

इन सभी के लिए शारीरिक शिक्षा की प्राध्यापिका श्रीमती रजनी सैनी बधाई की पात्र है ।

जारी...4...

**राष्ट्रीय सेवा योजनाः–**

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 100–100 स्वयं सेवकों की दो ईकाइयां कार्यरत है । जिसमें महिला वर्ग में श्रीमती रेनु रानी एवं पुरूष वर्ग में श्री अमित कुमार कार्यक्रम अधिकारी अपना–अपना कार्य सफलतापूर्वक कर रहे है ।

01 से 31 जुलाई, 2019 तक स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें स्वयं सेवकों ने गोद लिए हुए गांव सैनीपुरा व हांसी के आस–पास के क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता रैली की ।

22 जुलाई 2019 को जलशक्ति अभियान के अन्तर्गत स्वयं सेवकों व महाविद्यालय स्टाफ सदस्यों ने जलबचाओं अभियान में शपथ ली । इसी कड़ी में एक अगस्त को पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में 08 अगस्त, 2019 को **HDFC Bank** हांसी व वन विभाग हांसी के सौजन्य से एन0एस0एस0 युनिट द्वारा पौधारोपण किया गया । फिट इण्डिया मुवमेन्ट के तहत 28 अगस्त को विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इसी के अन्तर्गत 29 अगस्त को माननीय प्रधानमंत्री जी के भाषण का सीधा प्रसारण दिखाया गया। गांधी जयन्ती के उपलक्ष्य में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया । 14 अक्तुबर 2019 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 31 अक्तुबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया । 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया गया । जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने मौलिक अधिकारों के महत्व के विषय में जाना। महाविद्यालय की एन0एस0एस0 युनिट द्वारा दिनांक 27.12.2019 से 02.01.2020 तक सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर के सातों दिन विभिन्न गतिविधियां करवाई गई तथा शिविर के अन्त में बैस्ट कैम्पर व बैस्ट वोलिंटयर का चयन किया गया ।

**एन.सी.सी :–**

महाविद्यालय में एन0सी0सी0 आर्मी विंग की एक प्लाटून 11 हरियाणा बटालियन भिवानी के अन्तर्गत कार्यरत है, जिसमें कुल 64 कैडेट को एनरोल किया जाता है। इस सत्र से महाविद्यालय में महिला एन0सी0सी0 आर्मी विंग की युनिट आंरम्भ हुई है, जिसमें इस वर्ष 12 महिला कैडेट को Enrolled किया गया है। इस सत्र के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया गया ।

एन0सी0सी0 कैडेट को वर्ष भर में प्रशिक्षण देने हेतु 35 परेड का आयोजन करवाया गया जिसमें ड्रिल, शस्त्र प्रशिक्षण सेनाओं का संगठन, युद्ध कौशल, मानचित्र अध्ययन, राष्ट्रनिर्माण आपदा प्रबंधन, नेतृत्व व समाज सेवा जैसे विषयों के बारे में बताया गया । महाविद्यालय प्रांगण में दिनांक 26 जुलाई,2019 को कारगिल दिवस मनाया गया, जिसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। दिनांक 08 अगस्त, 2019 को वन विभाग और एन0एस0एस0 युनिट के साथ महाविद्यालय में पौधारोपण कराया गया। दिनांक 15 अगस्त, 2019 को स्वतंत्रता दिवस पर शहीद स्टेडियम में उप मण्डल स्तर पर पुलिस फोर्स के साथ परैड में भाग लिया। सितम्बर 2019 में हमारे 5 कैडेटस ने Army Attachment

जारी...5...

Camp Abhohar Punjab में हिस्सा लिया। दिनांक 14 अक्तूबर, 2019 को HDFC Bank, Hansi और NSS Unit के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया गया। दिनांक 10 से 19 जनवरी, 2020 से हमारे 22 कडैटस ने ATC Camp निमडीवाली जिला भिवानी में भाग लिया जिसमें हमारे कडैटस का दबदबा रहा, जिसमें कडैटस ने 14 मैडल प्राप्त किये। 26 जनवरी, 2020 को कडैटस ने गणतंत्र दिवस पर शहीद स्टेडियम में उप मण्डल स्तर पर पुलिस फोर्स के साथ परैड में भाग लिया। इसके लिए महाविद्यालय के NCC अधिकारी श्री सोमबीर व सभी NCC कडैटस बधाई के पात्र है।

**रेड रिबन कल्ब :–**

राजकीय महाविद्यालय हांसी में 12 से 17 अगस्त, 2019 को अर्न्तराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में H.I.V/ AIDS के प्रति सामाजिक जागरूकता अभियान के अर्न्तगत एक शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन किया गया । क्लब द्वारा HDFC Bank के सौजन्य से एक रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया गया जिसमें 141 यूनिट रक्त एकत्र किया गया । इसके लिए सहायक प्रोफैसर श्री अनिल कुमार जी और श्री विजय कुमार यादव बधाई के पात्र है ।

**महिला प्रकोष्ठ :–**

गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महिला प्रकोष्ठ द्वारा निम्न गतिविधियां करवाई गई ।

1. तीज के उपलक्ष्य में पेंटिंग और हस्तशिल्प की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ–चढकर हिस्सा लिया ।
2. 16 अगस्त 2019 को महिला प्रकोष्ठ द्वारा नैतिक मूल्य और स्वच्छता पर एक विस्तार व्याख्यान करवाया गया ।
3. 30 सितम्बर 2019 को महात्मा गांधी 150 वीं जयन्ती मनाते हुए एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया । इसी कड़ी में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ0 संध्या सिंगला द्वारा पोषण और हाईजीन विषय में एक विस्तार व्याख्यान भी करवाया गया जिसमें छात्राओं को निजि स्वास्थ्य के लिए प्रेरित किया गया ।
4. करवा चौथ पर्व पर महाविद्यालय में मेंहदी रचाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा छात्राओं के लिए 6 दिवसीय ब्यूटीशियन कोर्स की वर्कशॉप भी लगाई गई । इसके लिए महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ0 एकता बधाई की पात्र है ।

**कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमैंट सैलः–**

महाविद्यालय के विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं रोजगारोन्मुख जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए प्लेसमैंट सैल कार्यरत है । इसके प्रभारी श्री अजमेर सिंह है । सैल के माध्यम से समय–समय पर अनेक गतिविधियां संचालित की जाती है । प्लेसमैंट सैल की ओर से महाविद्यालय में Annual Startup Competition करवाया गया जिसमें 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया । महाविद्यालय

जारी...6...

के 17 छात्रों ने राजकीय महाविद्यालय, हिसार में 11.11.2019 से 15.11.2019 तक होने वाले रोजगार मेले में भाग लिया । प्लेसमैंट सैल द्वारा छः विस्तार व्याख्यान आयोजित किये गए । इसके लिए श्री अजमेर सिंह सहित सम्पूर्ण प्लेसमैंट सैल बधाई की पात्र है ।

**शैक्षणिक भ्रमण :–**

महाविद्यालय में विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन एवं बौद्धिक विकास के लिए उन्हें ऐतिहासिक एवं दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करवाने के लिए महाविद्यालय में कमेटी गठित की गई है जिसके प्रभारी श्री कर्मवीर सिंह सिंहाग तथा श्रीमती रजनी सैनी है । इस शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों के 42 सदस्यीय दल ने श्री कर्मवीर सिंह एवं डॉ0 बंता सिंह जांगड़ा के नेतृत्व में दिनांक 29.10.2019 से 02.11.2019 तक शिमला, कुफरी व चायल आदि स्थलों का भ्रमण करके वहां की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत की जानकारी प्राप्त की तथा दिनांक 30 अक्तुबर से 02 नवम्बर, 2019 तक आगरा, मथुरा, वृदावन के लिए शैक्षणिक भ्रमण के लिए 48 लड़कियों के दल को डॉ0 रजनी सैनी, डॉ0 कपिल कुमार,डॉ0 एकता, डॉ0 अलका के नेतृत्व में उक्त स्थलों का भ्रमण करवाया गया ।

**मैरिट स्कोलरशिपः–**

डॉ0 सुमन मलिक की अध्यक्षता में मैरिट स्कोलरशिप का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है Haryana State Meritorious Incentive Scheme के अन्तर्गत बी0ए0, बी0एस0सी0, बी0 कॉम0 कक्षा उत्तीर्ण करने वाले क्रमशः प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 1,14,000/– रू की छात्रवृति प्रदान की गई । विद्यार्थी अजय कुमार को POSE Scholarship के अर्न्तगत 4000 रूपये प्रतिमाह तीन वर्ष के लिए छात्रवृति प्रदान की गई है।

**लीगल लिटरेसी सैल (कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ)**

लीगल लिटरेसी सैल श्रीमती बबीता चौधरी, सहायक प्रोफैसर, राजनीतिशास्त्र के अध्यक्षता में वर्ष भर कार्यरत रही। इसके अन्तर्गत 19 सितम्बर, 2019 का नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया तथा 16 जनवरी, 2020 को एक विस्तार व्यख्यान का आयोजन करवाया गया ।

**Alumni Association "संधि सेतु" :–**

महाविद्यालय में इस वर्ष Alumni Association "संधि सेतु" द्वारा पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन अन्यंत सफलतापूर्वक करवाया गया ।

**महाविद्यालय में विभिन्न परिषद कार्यरत हैः–**

**संस्कृत साहित्य परिषदः–**

संस्कृत भाषा साहित्य परिषद जोगिन्द्र सिंह एंव श्री कर्मबीर सिहाग के कुशल नेतृत्व में वर्ष भर कार्यरत रही। संस्कृत साहित्य परिषद के तत्वाधान में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । जिसके अर्न्तगत संस्कृत–प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, संस्कृत–निबन्ध लेखन एंव श्लोकोच्चारण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई । इन सबके लिए सम्पूर्ण परिषद् बधाई की पात्र है ।

जारी...7...

**हिन्दी साहित्य परिषदः–**

हिन्दी साहित्य परिषद श्री जोगिन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में वर्ष भर कार्यरत रही । इस परिषद के अन्तर्गत समय–समय पर महाविद्यालय में आयोजित भाषण, कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भाग लिया । इन सबके लिए परिषद बधाई की पात्र हैं ।

**अंग्रेजी साहित्य परिषद :–**

अंग्रेजी साहित्य परिषद श्री कर्मवीर सिंह के कुशल नेतृत्व में वर्ष भर कार्यरत रहीं इस परिषद के अन्तर्गत समय–समय पर विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में आयोजित भाषण, कविता पाठ, निबन्ध प्रतियोगिता में भाग लिया । इन सबके लिए परिषद बधाई की पात्र हैं ।

**गणित परिषदः–**

गणित परिषद डॉ0 हर्षा के कुशल नेतृत्व में वर्षभर कार्यरत रही । महाविद्यालय के गणित विभाग में 20 अगस्त,2019 को पोस्टर बनाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की 17 टीमों ने भाग लिया। 3 सितम्बर,2019 को Rising Star Academy के Director द्वारा मोटिवेशनल लेक्चर का आयोजन करवाया। इसके लिए महाविद्यालय का गणित परिषद बधाई के पात्र है ।

**भूगोल परिषदः–**

सत्र 2019–20 के दौरान महाविद्यालय की भूगोल विभाग द्वारा महाविद्यालय में भूगोल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया । इस प्रतियोगिता में कुल छः टीमों ने भाग लिया इसमें विकास, गोविन्द, पुणोद्यभानु, की टीम ने प्रथम, विजय, अनुज व सीमा की टीम ने द्वितीय तथा रोहित, विजेन्द्र व पूनम की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दिनांक 04.02.2020 को राजकीय महाविद्यालय हिसार में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में भूगोल विभाग की टीम ने Remote Sensing Satellites विषय पर मॉडल प्रदर्शित किया। टीम का प्रतिनिधित्व रोहित व विकास ने किया। इसके लिए परिषद बधाई के पात्र है।

**मनोविज्ञान परिषद :–**

गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी डॉ0 एकता के निर्देशन में मनोविज्ञान विभाग द्वारा कई गतिविधियां करवाई गई । इस वर्ष भी मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह मनाया गया जिसमें कई गतिविधियां सम्पन्न करवाई गई जिनका मुख्य लक्ष्य मनोवैज्ञानिक समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस वर्ष एक मनोविज्ञानिक मेले का आयोजन किया गया तथा विभाग के छात्रों द्वारा दो नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किये गए । इसके लिए परिषद बधाई की पात्र है ।

**कम्प्यूटर साईंस परिषद :–**

परिषद द्वारा सितम्बर, 2019 में शिक्षक दिवस पर ऑन–लाईन लाईव प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । परिषद द्वारा जनवरी, 2020 में महाविद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया तथा हिसार में आयोजित अन्तर्जिला विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया। इन सभी गतिविधियों के सफलतापूर्वक संचालन के लिए परिषद बधाई की पात्र है।

जारी...8...

**वाणिज्य परिषद :–**

महाविद्यालय के वाणिज्य परिषद के तत्वाधान में दिनांक 03.02.2020 को एक विस्तार भाषण का आयोजन करवाया गया जिसमें C.A. अनुराग जैन ने Careeer in Commerce विषय में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया। इसके लिए परिषद बधाई की पात्र है ।

**अर्थशास्त्र परिषद :–**

अर्थशास्त्र विभाग की ओर से दिनांक 25.09.2019 को पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । दिनांक 28.01.2020 को वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इसके लिए परिषद बधाई की पात्र है।

**विज्ञान परिषद :–**

भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र परिषद वर्ष भर कार्यरत रहे । रसायनशास्त्र व भौतिकशास्त्र विभाग द्वारा Poster Presentation Competition करवाया गया । रसायनशास्त्र विभाग की टीम ने 18.09.2019 को जाट महाविद्यालय, हिसार में आयोजित राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। दिनांक 04 व 05 अक्तुबर, 2019 को राजकीय महाविद्यालय, हिसार में आयोजित जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विभाग की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके लिए परिषद बधाई की पात्र है।

**राजनीतिशास्त्र परिषद :–**

महाविद्यालय के राजनीतिशास्त्र विभाग की तरफ से 19.09.2019 को निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा दिनांक 03.10.2019 को महात्मा गांधी विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इसके लिए परिषद बधाई की पात्र है ।

**योग परिषद :–**

महाविद्यालय में इस वर्ष से योगा एवं मेंटल हैल्थ स्नात्कोत्तर डिप्लोमा शुरू किया गया है। योग परिषद में दिनांक 21 से 22 जनवरी को महाविद्यालय की प्लेसमैंट सैल के द्वारा चार विस्तार व्याख्यान करवाए गए।

**Internal Quality Assurance Cell (IQAC) :-**

सरकार के आदेशानुसार महाविद्यालय में गुणवत्ता के विकास के लिए प्राचार्या की अध्यक्षता में IQAC की स्थापना हुई जिसमें महाविद्यालय के पांच प्राध्यापक, भूतपूर्व विद्यार्थी, वर्तमान विद्यार्थी, शहर के गणमान्य व्यक्तियों को मिलाकर 18 सदस्य है जो महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक, सांस्कृतिक खेल–कूद सम्बन्धी तथा कार्यरत प्राध्यापकों व कर्मचारियों के विकास के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का संचालन करती है । इस सत्र के दौरान IQAC टीम ने NAAC से मूल्यांकन करवाने के लिए पूरी मेहनत से कार्य कर रही है। उम्मीद है कि जल्द ही NAAC की टीम महाविद्यालय का भ्रमण करेगी तथा NAAC द्वारा महाविद्यालय को उपयुक्त ग्रेड दिया जाएगा । इसके लिए IQAC के प्रभारी डॉ0 राजकुमार यादव सहित पूरी टीम बधाई की पात्र है ।

जारी...9...

**अर्नव्हाईल यू लर्न–**

उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के लिए अर्नव्हाईल यू लर्न स्कीम चलाई जाती है जिसमें भाग लेकर विद्यार्थी पढाई के साथ–साथ खाली समय में महाविद्यालय की प्रयोगशालाओं पुस्तकालय, कार्यालय आदि में कार्य करके 100/– रूपए प्रति घण्टा की दर से रूपए अर्जित कर सकता है । इस स्कीम के अन्तर्गत इस सत्र के दौरान उच्चत्तर शिक्षा विभाग द्वारा 88,000/– रूप्ए की राशि स्वीकृत की गई तथा महाविद्यालय के 59 विद्यार्थी लाभांवित हुए । इस कार्य के सफल कार्यान्वन के लिए श्री कर्मवीर सिंह बधाई के पात्र हैं ।

**बर्सर :–**

श्री जोगिन्द्र सिंह, सहायक प्रोफैसर संस्कृत महाविद्यालय में बर्सर का कार्य कुशलतापूर्वक कर रहे है

**महाविद्यालय पत्रिका :–**

छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए महाविद्यालय द्वारा पत्रिका 'तीज' प्रतिवर्ष प्रकाशित की जाती है ।

**कार्यालय :–**

महाविद्यालय के कार्यालय में सभी कर्मचारी अपना–अपना कार्य नियमित व पूरी निष्ठा से निभा रहे है।

**नियुक्तियाँ एंव स्थानान्तरण :–**

वर्तमान सत्र में वाणिज्य विभाग में श्री विजय कालीरामन, कुमारी आकांक्षा, कुमारी मैगी तथा भूगोल विभाग में श्री धर्मवीर व श्री संदीप सिंह ने नियुक्ति प्राप्त करके कार्यभार ग्रहण किया है । इसके अतिरिक्त रोबिन चक्रवर्ती ने लैब सहायक के पद पर नियुक्ति प्राप्त करके कार्यग्रहण किया है।

**व्यक्तिगत उपलब्धियाँ :–**

(1) कम्प्यूटर विभाग के सहायक प्रोफैसर डॉ0 बंता सिंह जांगड़ा ने दो शोध पत्र प्रस्तुत किए । डॉ0 सुमन मलिक ने दिनांक 10.10.2019 से 16.10.2019 तक HRDC, नैनीताल में Short Term Course किया तथा दिनांक 17 व 18 जनवरी, 2020 को राजकीय महाविद्यालय मुरथल में एक सेमिनार में शोध पत्र प्रस्तुत किया। श्रीमती प्रियंका, श्रीमती पूनम व श्रीमती अंजु जैन ने HRDC G.J.U Hisar में 20 जनवरी से 25 जनवरी 2020 तक Faculty Developent Programme में हिस्सा लिया तथा श्रीमती उमा शर्मा ने G.J.U Hisar से दिनांक 23.05.2019 से 12.06.2019 तक Orientation Course किया ।

(2) वाणिज्य संकाय के सहायक प्रोफेसर श्री अनिल कुमार तथा श्री शिव कुमार ने 18 व 19 नवम्बर, 2019 को हंसराज कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय में Faculty Developent Programme में हिस्सा लिया ।

**पुस्तकालय :–**

वर्तमान पुस्तकालय में 27,476 पुस्तकें U.G व P.G के लिए हैं । पुस्कालय में प्रति दिन 12 समाचार पत्र तथा 10 मासिक पत्रिकाएं मंगवाई जाती है । जिनसे सभी विद्यार्थी लाभान्वित होते हैं ।

जारी...10...

**शोकप्रस्ताव नामोल्लेख :–**

वर्तमान सत्र में महाविद्यालय के गणित विभाग के श्री धनेश कुमार की माता जी का आकस्मिक निधन हो गया । हम ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना करते है ।

**महाविद्यालय की आवश्यकताएं :–**

महाविद्यालय की अनेक आवश्यकताओं को सरकार ने पूरा कर दिया हैं फिर भी कुछ आवश्यकताएं हैं :–

1. कार्यालय मे कर्मचारियों की भी कमी है ।
2. महाविद्यालय में पार्किंग शेड नहीं है जिससे स्टाफ एवं विद्यार्थियों को काफी असुविधा होती है।
3. महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर पुरूष व महिला कांस्टेबल की आवश्यकता है ।
4. बुस्टिंग स्टेशन की तरफ से चारदीवारी ऊंची करवाने की आवश्यकता है।
5. महाविद्यालय के प्रशासनिक ब्लॉक के सामने के प्रांगण में पेवर टाईल या पक्का करवाने की आवश्यकता है।

**आभार प्रदर्शन :–**

इस समारोह के अवसर पर मैं मुख्य अतिथि का पुनः आभार व्यक्त करती हूं जिन्होने महाविद्यालय के लिए अपना बहुमूल्य समय देकर हमें उत्साहित किया एवं विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद दिया । इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से माननीय प्रधान सचिव तथा महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ ।

हिसार मण्डल के आयुक्त, उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त, उपमण्डल अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर पालिका प्रधान तथा भवन, विद्युत के समस्त अभियन्तागण, एस.डी.ओ. तथा जे.ई. तथा समस्त मीडिया आभार के पात्र है ।

प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन को तैयार करने का दायित्व कर्मठता से निभाने के लिए श्री कर्मवीर सिहँ सिहाग सहायक प्रोफैसर, संस्कृत व श्री लोकेश कुमार का मैं आभार व्यक्त करती हूँ । महाविद्यालय के सभी सहयोगी प्राध्यापकवृंद तथा अन्य सभी कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होंने अपने कर्त्तव्यों को पूर्ण निष्ठा से निभाया है । विद्यार्थियों ने अनुशासन में रहते हुए शिक्षा, सांस्कृतिक तथा खेल–कूद गतिविधियों में उपलब्धियां प्राप्त की हैं तथा महाविद्यालय के वातावरण को सौहार्दपूर्ण बनाए रखने में योगदान दिया है। अतः वे सभी बधाई के पात्र हैं ।

अन्त में मैं उन सभी का धन्यवाद करती हूँ जिनके प्रत्यक्ष एवं परोक्ष सहयोग से यह महाविद्यालय निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है ।

एक बार पुनः आज के समारोह के मुख्य अतिथि एवं उपस्थित महानुभावों का आभार प्रकट करती हूँ।